# स्वास्थ्य क्षेत्र में मॉनीटरिंग तंत्र को कर रहे मजबूत

## नवजात और मातृ स्वास्थ्य संकेतकों में लगातार सुधार

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 16 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सशक्त एवं उन्नत बनाया जा रहा है. प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के साथ ही उनकी सतत एवं सशक्त निगरानी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण उपचार सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकें.**



महिला एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार द्वारा आधुनिक स्वास्थ्य अधोसंरचना, विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं एवं प्रभावी मॉनिटरिंग तंत्र को मजबूत किया जा रहा है. इन प्रयासों से प्रदेश में नवजात एवं मातृ स्वास्थ्य संकेतकों में सतत सुधार दर्ज किया जा रहा है.

राज्य में जन्म के समय कम वजन वाले, समय पूर्व जन्मे एवं जन्म के समय गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं के बेहतर उपचार और नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाइयां प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं. इन इकाइयों से नवजात शिशुओं को विशेषज्ञ उपचार, आधुनिक चिकित्सा उपकरण एवं प्रशिक्षित चिकित्सकीय देखरेख उपलब्ध कराई जा रही है. वर्ष 2024-25 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2025-26 में नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाइयों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है. वर्ष 24-25 में जहां 1 लाख 29 हजार 212 नवजात शिशुओं को उपचार प्रदान किया गया था, वहीं वर्ष 25-26 में यह संख्या बढ़कर 1 लाख 34 हजार 410 तक पहुँच गई है. साथ ही नवजात शिशुओं की सफलतापूर्वक डिस्चार्ज दर भी अब तक के सर्वोत्तम स्तर 82.3 प्रतिशत पर पहुंच गई है। राज्य में संचालित 62 एसएनसीयू में इस वर्ष 1 अप्रैल से 15 मई 2026 तक कुल 15 हजार 54 नवजात शिशुओं को उपचारित किया गया, जिनमें से 12 हजार 818 नवजात शिशुओं को सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया. राज्य शासन द्वारा नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाइयों में उपलब्ध बिस्तरों की संख्या में भी वृद्धि की गई है.

### अब डिजिटल माध्यम से मिलेगा पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना की जानकारी

**भोपाल.** मंत्री राकेश शुक्ला एवं मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ऊर्जा विकास निगम के व्हाट्सऐप चैटबॉट एवं प्रचार वीडियो का शुभारंभ करेंगे. प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का डिजिटली प्रचार-प्रसार करने के लिये एमपीयूवीएनएल एवं काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवॉयरनमेंट एंड वॉटर के सहयोग से 18 मई सोमवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में व्हाट्सऐप चैटबॉट एवं प्रचार वीडियो लॉन्च किया जाएगा. व्हाट्सऐप चैटबॉट और प्रचार वीडियो से नागरिकों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी सरल एवं डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी. इससे योजना के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ेगी और नागरिकों को आवेदन एवं सोलर संयंत्र लगाने की प्रक्रिया को समझने में मदद मिलेगी.

---

## मंत्रालय के गलियारे से



कन्हैया लोधी

### जब वक्त खराब होता है...

एक कहावत है कि जब वक्त खराब होता है तो ऊंट में बैठे आदमी को भी कुत्ता काट लेता है. ये कहावत कुद-कुछ हाल ही में निगम-मंडल में अध्यक्ष पद को सुशोषित करने का अरमान पाले नेता जी पर लागू हो रही है. लंबे समय से प्रतीक्षारत नेताजी को अध्यक्ष बनाया गया तो फिर नेताजी ने राजधानी में शक्ति प्रदर्शन कर अपनी ताकत का लोहा मनवाना चाहा, लिहाजा सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ राजधानी आ धमके. इससे पहले पीएम मोदी लोगों से पेट्रोल-डीजल बचाने का आग्रह कर ही चुके थे. सीएम ने भी कुछ इसी तरह की अपील की थी, लेकिन लगता है कि नए-नवेले अध्यक्ष अति उत्साह में इस अपील को सुन ही नहीं पाए, नतीजा अब उनसे अधिकार वापस लेकर वेट एवं वॉच की स्थिति में डाल दिया गया है. अब कुर्सी बचाने के लाले पड़ गए हैं.

### रिटायर्ड आईएएस का जलवा

सरकार में एक रिटायर्ड आईएएस का जलवा और दबदबा लगातार बढ़ रहा है. ये साहब कभी पहले भी सरकार के कृपा पात्र रहे हैं और अब मौजूदा दौर में भी वे कृपा पात्र बन गए हैं. उन्हें सरकार में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है. उनकी जिम्मेदारी की बानगी पिछले दिनों उनके एक आदेश में भी दिखी. हांलाकि सवाल भी उठे कि रिटायर्ड साहब को भले ही बड़ी जिम्मेदारी मिली हो, लेकिन क्या वे बड़ ताकतवर आदेश भी जारी कर सकते हैं. बहरहाल जो भी हो, उनकी सरकार में पकड़ लगातार बढ़ती जा रही है. सरकार उनके अनुभव का पूरा लाभ लेने लगी है. अब देखना ये है कि ये नया दौर कब तक चलता है.

### इस अदा पर सब फिदा

मप्र से जुड़े एक केंद्रीय मंत्री की एक अदा पर सब फिदा हो गए हैं. पिछले दिनों उन्होंने कुछ ऐसा किया, जो कि सामान्य तौर पर उनसे उम्मीद नहीं की जाती, साहब का मिजाज राजशाही है, लिहाजा लोग उसी राजशाही अंदाज की अपेक्षा करते हैं, लेकिन राजनीति के नए परिवेश में रच-बस गए साहब अब पब्लिकली ज्यादा कनेक्ट हो रहे हैं. उन्होंने वे दूरियां जो पहले महसूस होती थी, उसे लगभग पाट ही दिया है. उनके इस अंदाज की एक बागनी पिछले दिनों देखने मिली, जब वे चाय बागान में चाय की पत्ती तोड़ते नजर आए, इतना ही नहीं वे तो चाय बागान के मजदूरों की तरह टोकरी भी पीठ पर टांग ली थी. वैसे चाय बागान के साथ पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास का जिम्मा भी साहब के ही कंधे पर है.

### सनातन को लेकर उलाहना और परस्पर सम्मान

राजनीति में शुचिता और परस्पर एक-दूसरे का सम्मान कैसे किया जाता है, ये पिछले दिनों एक पूर्व मुख्यमंत्री ने दिखाया. वे मालवा में थे, जहां उनका सामना सत्ता पक्ष की ही एक फायर ब्रांड नेत्री से हो गया. बस फिर क्या था, दोनों ही सनातन के मामले में चर्चा के दौरान एक-दूसरे को उलाहना देते हुए कटघरे में खड़ा करते रहे, लेकिन उनके संवाद में गरिमा, आत्मीयता और परस्पर सम्मान बरकरार रहा. भले ही वे अलग- अलग दलों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, दोनों ही नेताओं के इस अंदाज के वहां मौजूद सभी लोग कायल दिखे.

---

# राजीव गांधी का नाम हटाने का किया विरोध

## अजय ने आरजीपीवी के विभाजन के प्रस्ताव पर जताई चिंता



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 16 मई. पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय के विभाजन और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम हटाने के कथित प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है.**

### महापुरुषों के योगदान को मिटाने की कोशिश...

भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय नेताओं को संकीर्ण राजनीतिक दृष्टिकोण से देखना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है. उन्होंने आरोप लगाया कि महापुरुषों के योगदान को मिटाने की कोशिश शासन नहीं बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध की मानसिकता को दर्शाती है. अजय सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और प्रदेश की जनता इस प्रस्ताव का हर स्तर पर विरोध करेगी.

उन्होंने इस कदम को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य कांग्रेस के दिवंगत नेता की विरासत को मिटाना है. शनिवार को जारी बयान में अजय सिंह ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय को तीन अलग-अलग इकाइयों में बांटने के प्रस्ताव का शिक्षा व्यवस्था में सुधार या प्रशासनिक दक्षता से कोई लेना-देना नहीं है. उनके अनुसार, इस पूरी कवायद का वास्तविक उद्देश्य राजीव गांधी के नाम और उनकी पहचान को विश्वविद्यालय से हटाना है. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री रहते हुए राजीव गांधी ने देश में कंप्यूटर युग की शुरुआत की थी और डिजिटल परिवर्तन की मजबूत नींव रखी थी.

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मिला तेंदुए का शव

**उमरिया.** जिले में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शुक्रवार देर रात को मझौली कक्ष में एक तेंदुए का शव मिला है जिसका शव परीक्षण उपरांत अंतिम संस्कार कर दिया गया है. बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया है कि शुक्रवार को बीट मझौली कक्ष क्रमांक आर.एफ. 404 में गश्त के दौरान बांस भीरे की ओर से दुर्गंध आने पर पास जाकर देखा गया तो एक तेंदुआ मृत अवस्था में पाया गया. जिस पर एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया.



### महिला क्रिकेटर ने किए महाकालेश्वर के दर्शन

**उज्जैन.** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी एवं कोचिंग स्टाफ के करीब 25 सदस्यों ने शनिवार को यहां विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर मंदिर में सुबह की भस्म आरती में शामिल होकर विधि विधान के पूजा अर्चना कर दर्शन किए. श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत एवं सत्कार किया गया.

---




# महिला कांग्रेस ने किया आंदोलन

▶ बढ़ती कीमतों के खिलाफ किया अनोखा प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 16 मई. पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को अनोखा प्रदर्शन किया.**

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नानके पेट्रोल पंप पर स्कूटी को धक्का लगाकर 'धक्कामार आंदोलन' चलाया और केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है. पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार हो रही वृद्धि से मध्यम वर्गीय परिवारों, महिलाओं, नौकरीपेशा लोगों और छोटे व्यापारियों की परेशानियां बढ़ गई हैं. कार्यकर्ताओं ने कहा कि अब आम लोगों के लिए वाहन चलाना भी मुश्किल होता जा रहा है.

# पुणे-गोरखपुर के बीच समर स्पेशल ट्रेन शुरू

## रेलवे ने गर्मी की छुट्टियों में बढ़ती यात्रा मांग को देखते हुए किया फैसला

**भोपाल, 16 मई. गर्मी की छुट्टियों में बढ़ती यात्रा मांग को देखते हुए भारतीय रेलवे ने पुणे से गोरखपुर के बीच प्रतिदिन समर स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है.**



यह ट्रेन मध्य प्रदेश के इटारसी, रानी कमलापति और बीना स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जिससे प्रदेश के यात्रियों को भी बड़ी राहत मिलेगी. रेल प्रशासन के अनुसार गाड़ी संख्या 01415 पुणे-गोरखपुर समर स्पेशल 15 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन चलेगी. ट्रेन सुबह 6:50 बजे पुणे से रवाना होकर रात 9:10 बजे इटारसी, 11:15 बजे रानी कमलापति और अगले दिन 1:25 बजे बीना पहुंचेगी. इसके बाद यह ट्रेन अगले दिन शाम 4 बजे गोरखपुर पहुंचेगी. वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 01416 गोरखपुर-हड़पसर (पुणे) समर स्पेशल 16 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन संचालित होगी. यह ट्रेन शाम 5:30 बजे गोरखपुर से रवाना होकर अगले दिन सुबह 8 बजे बीना, 10:30 बजे रानी कमलापति और दोपहर 12:10 बजे इटारसी पहुंचेगी. इसके बाद तीसरे दिन तड़के 3:15 बजे हड़पसर (पुणे) स्टेशन पहुंचेगी.

इस स्पेशल ट्रेन में कुल 18 कोच लगाए जाएंगे. इनमें एसी द्वितीय श्रेणी, एसी तृतीय श्रेणी, स्लीपर, सामान्य कोच और एसएलआरडी शामिल हैं.

### जौनपुर यार्ड रिमॉडलिंग की वजह से बदले रूट

**भोपाल.** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल अंतर्गत जौनपुर जंक्शन स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों के मार्ग में अस्थायी बदलाव किया गया है. यह कार्य 4 मई से 27 मई 2026 तक चरणबद्ध तरीके से चलेगा. यात्रियों की सुरक्षा और बेहतर परिचालन व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा. इनमें गोदान एक्सप्रेस, ताप्ती गंगा एक्सप्रेस, इंदौर-पटना एक्सप्रेस और एलटीटी-छपरा एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें शामिल हैं.

---

# गन्नई में नलकूप खनन कर रही बोरिंग मशीन ट्रक जब्त



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 मई। जिले के थाना सरई एवं चौकी बरका पुलिस ने कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन कर नलकूप खनन कर रहे बोरिंग मशीन ट्रक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन जप्त किया है। पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 223 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार 15 मई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम गन्नई में राजकुमार बैस के घर के पीछे बोरिंग मशीन लगाकर नलकूप खनन किया जा रहा है, जबकि कलेक्टर द्वारा 2 मई से 15 जुलाई तक जिले में नलकूप खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। सूचना पर चौकी बरका पुलिस मौके पर पहुंची, जहां बोरिंग मशीन ट्रक क्रमांक टीएन 48 एक्स 2414 से बोरिंग कार्य होता मिला। मौके पर मौजूद चालक प्रेमलाल जायसवाल उर्फ गुड्डू जायसवाल निवासी पटेहरा खुर्द थाना कोतवाली सीधी हाल मुकाम घोघरा सरई द्वारा कोई वैध अनुमति या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। इसके बाद पुलिस ने बोरिंग मशीन ट्रक जप्त कर कार्रवाई की। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सरई जितेन्द्र सिंह भदौरिया, चौकी प्रभारी बरका उनि नृपेन्द्र सिंह, एसके सोनवानी, आर मनीष ठाकुर एवं सावन मुजाल्दे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

# विंध्याचल में स्वच्छता रैली एवं शपथ समारोह आयोजित




नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 16 मई। एनटीपीसी विंध्याचल ने महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के संकल्प को सशक्त करते हुए स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आज शनिवार को स्वच्छता रैली एवं स्वच्छता शपथ समारोह का आयोजन किया।**

इस कार्यक्रम में कर्मचारियों, उनके परिवारजनों तथा सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वच्छता रैली का शुभारंभ विंध्य क्लब से शुरू होकर इसका समापन श्री सर्वेश्वर मंदिर परिसर में हुआ। रैली के दौरान स्वच्छता एवं जन जागरूकता से जुड़े प्रेरणादायी नारों से सम्पूर्ण नगर परिसर गूंज उठा। स्वच्छता शपथ एनटीपीसी विंध्याचल के परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा द्वारा दिलाई गई। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता ने एनटीपीसी विंध्याचल की जिम्मेदारी एवं सहभागिता की सशक्त कार्य संस्कृति को प्रदर्शित किया। साथ ही यह अभियान नगर परिसर, कार्यस्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए परियोजना की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

### एमडी व डोडाचूरा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मंदसौर.** गरोठ थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एमडी ड्रग एवं डोडाचूरा जब्त किया है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरिल तथा एसडीओपी विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बलवीर सिंह यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई. जस्साखेड़ी फंटा खड़ावदा-गरोठ रोड स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास एक युवक मादक पदार्थ लेकर खड़ा है.

## पेज एक का शेष

# अलसुबह से ही जयकारों से गूंजी भोजशाला

को निरस्त कर दिया गया, जिसमें शुक्रवार को नमाज की अनुमति दी गई थी.भोज उत्सव समिति के सदस्यों ने इसे वर्षों पुराने संघर्ष, आंदोलनों और कानूनी लड़ाई को याद करते हुए इसे सनातन आस्था की बड़ी जीत बताया.फैसले के बाद धार सहित आसपास के क्षेत्रों में भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क बना हुआ है और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है. भोजशाला परिसर के बाहर भी बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है.मंदिर परिसर के आसपास बैरिकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है.पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी लगातार मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं. प्रशासन द्वारा भोजशाला आने-जाने वाले मार्गों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो सके.प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर भी विशेष मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि किसी प्रकार की अफवाह फैलने न पाए.

---

चिंता ▶ पटवारी ने सरकार पर भय, अन्याय और असुरक्षा का वातावरण पैदा करने का लगाया आरोप

# आदिवासियों में बढ़ रही असुरक्षा की भावना

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 16 मई. प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों और आदिवासी समाज के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर गहरी चिंता जताते हुए भाजपा सरकार पर भय, अन्याय और असुरक्षा का वातावरण पैदा करने का आरोप लगाया.**



उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश लगातार तीसरे वर्ष बुजुर्गों के लिए देश का सबसे असुरक्षित राज्य बना हुआ है. पटवारी ने दावा किया कि पिछले तीन वर्षों में वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि हुई है. वर्ष 2024 के अपराध आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में बुजुर्गों से जुड़े छह हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, यौन अपराध, लूट, डकैती, घरेलू हिंसा और साइबर अपराध शामिल हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2024 में राज्य में 144 बुजुर्गों की हत्या हुई.उन्होंने कहा कि पेंशन और संपत्ति विवादों के कारण परिवारों के भीतर ही बुजुर्गों के साथ प्रताड़ना, मारपीट और अपमान की घटनाएं बढ़ रही हैं. पटवारी ने इसे केवल कानून-व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि समाज में संवेदनशीलता के क्षरण का संकेत बताया.

> आदिवासी समाज के खिलाफ अत्याचारों का मुद्दा उठाते हुए पटवारी ने आरोप लगाया कि आदिवासियों के विरुद्ध अपराधों के मामले में मध्य प्रदेश देश में पहले स्थान पर है. उन्होंने दावा किया कि एनसीआरबी के वर्ष 2024 के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में आदिवासियों के खिलाफ 3,165 मामले दर्ज हुए, जो देशभर के कुल मामलों का लगभग 32 प्रतिशत हैं.

> पटवारी ने भाजपा सरकार पर प्रशासनिक विफलता का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ नागरिकों, आदिवासियों और कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने, दोषियों को त्वरित सजा दिलाने तथा पीड़ित परिवारों को न्याय सुनिश्चित करने की मांग की.

कांग्रेस नेता ने राज्य सरकार से वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए विशेष राज्यव्यापी अभियान चलाने की मांग की. उन्होंने सामाजिक संगठनों, जन प्रतिनिधियों और सामुदायिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी कार्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया.

### तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला की बाघ के हमले से मौत

**उमरिया.** जिले में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुदरी में शनिवार सुबह तेंदूपत्ता तोड़ने गई एक 30 वर्षीय पर बाघ ने हमला कर दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई.


**नाम सुधार सूचना**

मै अमित साकेत पिता श्री बाबूलाल साकेत निवासी साकेत बस्ती सरिया, तह. रामनगर जिला सतना म.प्र. का होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि मेरा ड्राईविंग लाइसेंस बना हुआ है जिसका लाइसेंस क्रमांक MP19R-2021-0114273 है जिसमें मेरा नाम अमित कुमार व पिता जी का नाम बी.एल.साकेत दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि सही नाम अमित साकेत पिता बाबूलाल साकेत है जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है अत: मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में दर्ज नाम अमित कुमार व पिता जी का नाम बी.एल.साकेत के स्थान पर सही नाम अमित साकेत पिता बाबूलाल साकेत दर्ज किया जाए जो सत्य एवं सही है.

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग मऊगंज जिला मऊगंज (म0प्र0)**

रतन कुमार पाण्डेय पिता स्व0 केदारनाथ पाण्डेय, रत्नेश कुमार पाण्डेय पिता स्व0 श्री केदारनाथ पाण्डेय सा0 जमुई (बरयाकला) वार्ड क्रमांक 09 थाना व तहसील मऊगंज जिला मऊगंज म0प्र0 .....आवेदकगण

बनाम

1. गुजरातकली वेवा पत्नी केदारनाथ पाण्डेय, 2. प्रमोद पाण्डेय पिता स्व0 श्री केदारनाथ पाण्डेय, 3. शांतिदेवी पत्नी स्व0 श्री कामता प्रसाद पाण्डेय, 4. सूरज, नेहा, निधि पिता स्व0 श्री कामता प्रसाद पाण्डेय, 5. अम्बिका, अम्बिकेश, प्रेमसागर, प्रदीप प्रसाद पिता स्व0 श्री रामकिशोर पाण्डेय, 6. प्रदीप, सुजीत पिता स्व श्री सुरेश पाण्डेय, 7. गीता पाण्डेय पत्नी स्व0 श्री सुरेश पाण्डेय, सभी निवासी ग्राम जमुई (बरयाकला) वार्ड क्रमांक 09 तहसील मऊगंज जिला मऊगंज म0प्र0 ....अनावेदकगण

समाचार पत्र के माध्यम से एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी मउगंज के न्यायालय में अपीलार्थी रतन कुमार पाण्डेय पिता स्व0 श्री केदारनाथ पाण्डेय वगैरह सा0 जमुई (बरयाकला) वार्ड क्रमांक 09 थाना व तहसील मऊगंज जिला मऊगंज म0प्र0 के द्वारा तहसीलदार तहसील मऊगंज के राजस्व प्रकरण क्रमांक 410/27अ/2024-25 में पारित आदेश दिनांक 12/01/2026 के विरूद्ध अन्तर्गत धारा 44 (1) म0प्र0 भू0रा0संहिता 1959 ई के तहत यह अपील पेश की गई है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।जो दिनांक 29/5/2026 सुनवाई हेतु नियत है।
अत: उत्तरवादीगण या अन्य हितबद्ध पक्षकार को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में नियत दिनांक 29.05.2026 उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे। नियत तिथि पर उपस्थित न होने पर उनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग मऊगंज जिला मऊगंज (म0प्र0)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (ग्रामीण) तहसील रघुराजनगर जिला सतना म0प्र0**

क्र./2064अनु0अधि0/सतना दिनांक 14/5/26
1. अभिलाषा चौधरी पत्नी स्व0 श्री रमेश्वरी चौधरी एवं अन्य नाबालिक बली सरपरस्त मॉ सभी निवासी शेरगंज तहसील रघुराजनगर जिला सतना म0प्र0 ......अपीलाथीगण

बनाम

1- अर्चना बाई वर्मा पत्नी स्व. श्री रमेश्वरी चौधरी 2-रियान्सी वर्मा पुत्री स्व0 श्री रमेश्वरी चौधरी-12 वर्ष, 3- अंश वर्मा पुत्र स्व0 श्री रमेश्वरी चौधरी-06 वर्ष नाबालिक बली सरपरस्त मॉ सभी निवासी फुलवारी पो0 सुन्दरा जिला पन्ना म0प्र0 .......रेस्पाडेन्टगण

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित जन को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण द्वारा अधीनस्थ न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त सोहावल के रा0प्र0क्र0 3379/अ-6/24-25 आदेश दिनांक 28/11/2025 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गयी है। अपील प्रकरण में अनावेदकगणों 01 ता. 03 को विधिवत सूचना तामील नहीं है।
इस न्यायालय में नियत पेशी दिनाक 13/06/2026 समय 12.00 बजे दोपहर स्वत: अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पक्ष समर्थन करें। उपस्थित न होने व पक्ष समर्थन के अभाव में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। बाद स्याद कोई आपत्ति मान्य नही होगी।
आज दिनाक 11/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर / पद मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
तहसील रघुराजनगर, जिला सतना (म.प्र.)